पंजीकरण सं. आर.एन. 40596/83 डाक पंजी. संख्या-जी-3-डी.एल. (एन.)/084/24-26 प्रकाशित 01.09.2025 इस अंक का मूल्य 2 रूपये



॥ ओ३म् ॥

# युवा उद्घोष

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत) का पाक्षिक शंखनाद

Join—http://www.facebook.com/groups/aryayouth/

कार्यालय : आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-110007, चलभाष : 9810117464, 9868051444

## दानदाताओं से अपील

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के कार्य व गतिविधियों में सहयोग करने हेतु **खाता संख्या 10205148690 स्टेट बैंक आफ इण्डिया,** घन्टाघर, दिल्ली– 110007, **आई. एफ. एस. कोड** SBIN0001280 पर सीधे भेज कर हमें फोन न. **9810117464** पर एस.एम.एस कर दें या **9868051444** पर googlepay कर दें।

–अनिल आर्य

वर्ष-42 अंक-07 भाद्रपद-2082 दयानन्दाब्द 201 01 सितम्बर से 15 सितम्बर 2025 (प्रथम अंक) कुल पृष्ठ 4 वार्षिक शुल्क 48 रु.

प्रकाशित: 01.09.2025, E-mail : yuva.udghosh1982@gmail.com aryayouthgroup@yahoogroups.com Website : www.aryayuvakparishad.com

## मुख्यमंत्री को राष्ट्रीय अधिवेशन का निमंत्रण व कपिल मिश्रा का अभिनंदन





प्रथम चित्र में माननीय मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता को स्मृति चिन्ह भेंट करते अनिल आर्य, महेन्द्र भाई व धर्मपाल आर्य। द्वितीय चित्र में दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा का सम्मान करते अनिल आर्य, धर्मपाल आर्य व आचार्य महेन्द्र भाई जी।

## जहांगीर पुरी में युवा संस्कार सम्पन्न





शुक्रवार 8 अगस्त 2025 को मूर्ति देवी आर्य स्कूल में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न हुआ मंजू व गजेंद्र आर्य को हार्दिक बधाई।

## गाजियाबाद व गुड़ मंडी में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न





प्रथम चित्र में आर्य समाज गुड़ मंडी दिल्ली में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न हुआ जिसमें पूर्व विधायक कुँवर कर्ण सिंह का अभिनंदन करते अनिल आर्य व संयोजक वीरेंद्र आहूजा। द्वितीय चित्र में रविवार 17 अगस्त 2025 को गाजियाबाद के सन्यास आश्रम में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न हुआ प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण आर्य, सौरभ गुप्ता को हार्दिक बधाई देते हैं।

# 15 दिन में 35 युवा संस्कार समारोह सम्पन्न

## संस्कारित युवा पीढ़ी है राष्ट्र का भविष्य –राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य

शुक्रवार 8 अगस्त 2025, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में श्रावणी पर्व पर दिल्ली के ग्राम जोती टाटा पावर केंद्र, जहांगीर पुरी मूर्ति देवी आर्य पब्लिक स्कूल ,आर्यन क्लासेज विश्वास नगर शाहदरा में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न हुए। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि संस्कारित युवा पीढ़ी ही किसी भी राष्ट्र का भविष्य होती है इसलिए परिषद आर्य समाज के 150 वे स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में 150 स्थानो पर युवा संस्कार अभियान चला रही हैं स यज्ञ  भजन प्रवचन के माध्यम से आर्य संस्कृति के प्रति श्रद्धा बनाई जा रही है जिससे वह अपनी पुरातन आर्य संस्कृति पर गर्व करना सीखें. परिषद का लक्ष्य है युवा देश भक्त बने , माता पिता गुरुजनों का सम्मान करे साथ ही ईश्वर विश्वासी बने.उनका जीवन समाज के एक आदर्श मिसाल हो। आचार्य महेन्द्र भाई, श्याम पाल शास्त्री व अमृता आर्य यज्ञ की ब्रह्मा रहे उन्होंने जीवन से बुराइयों छोड़ने का संकल्प करवाया। मुख्य अतिथि ओम सपरा (पूर्व मेट्रो पोलेटिन मजिस्ट्रेट) ने कहा कि आर्य समाज सुधारवादी आन्दोलन जी पाखंड अन्धविश्वास के प्रति जागरूक करते हैं। कार्यक्रम का संचालन राधा भारद्वाज व गजेंद्र आर्य, महेश भार्गव ने किया.  सभी ने यज्ञोपवीत धारण किया। प्रमुख रूप से राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष धर्म पाल आर्य, प्री. मंजू आर्य, अरुण आर्य ,दशरथ भारद्वाज, आदि उपस्थित थे।





प्रथम चित्र में हाथरस व भलस्वा में युवा संस्कार संपन्न। द्वितीय चित्र में रविवार 10 अगस्त 2025 को चंदन वाटिका नादोना जिला हाथरस में युवा संस्कार संपन्न हुआ श्री कमल आर्य, जितेंद्र आर्य, केदारनाथ आर्य को बधाई।






दिल्ली देहात ग्राम जोन्ती में राधा भारद्वाज व दशरथ भारद्वाज के संयोजन में युवा संस्कार सौल्लास संपन्न हुआ।





प्रथम चित्र में रविवार 17 अगस्त 2025 को टीनू पब्लिक स्कूल संगम विहार दिल्ली में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न हुआ संयोजक देव दत्त आर्य व रामफल को हार्दिक बधाई। द्वितीय चित्र में रविवार 17 अगस्त को आर्य समाज मुखर्जी नगर दिल्ली में ओम सपरा के संयोजन में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न हुआ। तदर्थ बधाई।

# संन्यास आश्रम में युवा संस्कार संपन्न

गाजियाबाद, रविवार,17 अगस्त 2025, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में श्रावणी पर्व पर 15 दिवसीय युवा संस्कार अभियान का आयोजन किया गया जिसमें 35 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।गाजियाबाद के शंभू दयाल दयानंद वैदिक सन्यास आश्रम, दयानंद नगर में भव्य समारोह आयोजित किया गया जिसमें आचार्य महेन्द्र भाई ने यज्ञ करवाया उन्होंने कहा कि यज्ञ विश्व का सर्वश्रेष्ठ कार्य है जो मानवमात्र के कल्याण के लिए हैं। मुख्य यज्ञ मां सर्वश्री सौरभ गुप्ता एवं पायल गुप्ता रहे। गायक एवं गायिका मास्टर विजेंद्र आर्य, अंबिका गर्ग एवं विभा भारद्वाज के प्रेरणादायी गीत हुए जिन्हें सुनकर श्रोता झूम उठे। मुख्य अतिथि केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि हर भारतीय में देश के प्रति समर्पण व श्रद्धा होनी चाहिए क्योंकि राष्ट्र सुरक्षित रहेगा तो धर्म भी सुरक्षित होगा। राम फल खरब,देवदत्त आर्य,गोपाल आर्य ने कुशल संचालन करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया।

दिल्ली चलो! ॥ ओ३म् ॥ स्थापित 3 जून 1978



जहां नहीं होता कभी विश्राम, आर्य युवक परिषद है उसका नाम

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के 47वें स्थापना दिवस व

आर्य समाज स्थापना के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में

# राष्ट्रीय संगोष्ठी-आर्य समाज कल-आज और कल

## रविवार 14 सितम्बर 2025, प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक

**स्थान : आर्य समाज डिफेन्स कालोनी, नई दिल्ली** (निकट मैट्रो स्टेशन लाजपत नगर)

**यज्ञ ब्रह्मा :** आचार्या श्रुति सेतिया जी

**ध्वजारोहण :** ठाकुर विक्रम सिंह जी (संस्थापक, अध्यक्ष राष्ट्र निर्माण पार्टी)

**अध्यक्षता:** डॉ. अशोक कुमार चौहान जी (संस्थापक अध्यक्ष, एमिटी शिक्षण संस्थान)

**मुख्य अतिथि :** श्रीमती रेखा गुप्ता (मुख्यमंत्री, दिल्ली सरकार)

**विशिष्ट अतिथि :** श्री प्रवेश वर्मा (मंत्री, दिल्ली सरकार) श्री कपिल मिश्रा (मंत्री, दिल्ली सरकार) श्री मनोज तिवारी (सांसद), सुश्री बांसुरी स्वराज (सांसद), श्री प्रवीन तायल (Brij & Co.) श्री आनन्द चौहान, श्री अजय चौहान, श्री के.एल. पुरी, श्री मनीष गुप्ता

**मुख्य वक्ता :** प्रो. सारस्वत मोहन मनीषी (राष्ट्रीय कवि), प्रो. नरेन्द्र आहुजा 'विवेक' डॉ. जयेन्द्र आचार्य, आ. विद्याप्रसाद मिश्र, आ. वीरेन्द्र विक्रम, आ. गवेन्द्र शास्त्री

### गरिमामयी उपस्थिति :-

सर्वश्री आर.पी.सूरी, यशोवीर आर्य, कृष्ण प्रसाद कोटिल्य (झारखंड), अजेय सहगल (हिमाचल), डॉ. प्रमोद पाल (जयपुर), आचार्य भानुप्रताप वेदालंकार (इन्दोर), जितेन्द्र सिंह आर्य, डॉ गजराज सिंह आर्य, पी.के. मित्तल, वीरेन्द्र योगाचार्य, अशोक शास्त्री (फरीदाबाद), कर्नल कर्ण खर्ब (नोएडा), सूर्यदेव आर्य, श्री कृष्ण दहिया (जीन्द), अनिल मित्रा, आनन्द प्रकाश आर्य, अनुपम आर्य (हापुड़), ईश आर्य (हिसार), यशपाल आर्य (पूर्व पार्षद), धर्मपाल परमार, जितेन्द्र चावला, हरिचंद स्नेही (सोनीपत), कृष्ण कुमार यादव, देवेन्द्र आर्य बन्धु, सुरेश आर्य (गाजियाबाद), कै. अशोक गुलाटी, कुसुम भंडारी, गायत्री मीना, नरेन्द्र नारंग, ओमप्रकाश छाबड़ा, स्वदेश शर्मा, महेन्द्र जेटली, डालेश त्यागी, योगराज अरोड़ा, विकास गोगिया, नरेन्द्र आर्य सुमन, प्रो. करुणा चांदना, डॉ. सुनील रहेजा, नवीन रहेजा, नरेंद्र गांधी, भोपाल सिंह आर्य, सूर्यपाल सिंह आर्य, शोभा सेतिया, निर्मल जावा, कृष्णा पाहुजा, अमरसिंह सहरावत, सुरेन्द्र शास्त्री, प्रवीन आर्य (सतमौला), सुनीता बुग्गा, डॉ. विपिन खेड़ा, सुषमा-विजय पाहुजा।

### विशेष आमंत्रित :-

सर्वश्री सत्यानन्द आर्य, रविदेव गुप्त, रविन्द्र आर्य, सुरेन्द्र गुप्ता, एस.के. छतवाल, राजेश मेंहदीरत्ता, ओम सपरा, गोपाल आर्य, हरिचन्द आर्य, पं. मेघश्याम वेदालंकार, प्रि. अंजू मेहरोत्रा, अर्चना पुष्करणा, जितेन्द्र डावर, रवि चड्डा, सुरेन्द्र कोछड़, रमेश गाडी, आदर्श सलूजा, राजेन्द्र वर्मा, अरुण बहल, सहदेव नागिया, शान्ता तनेजा, चतरसिंह नागर, देवेन्द्र सैनी, विजय मलिक, सोहनलाल मुखी, सुशील आर्य, शिवकुमार भारद्वाज, डॉ आर.के. आर्य, देवदत्त आर्य, वेद खट्टर, अतुल सहगल, विद्योतमा झा सन्तोष कुमार, के.एल. राणा, अरुण अग्रवाल, चन्द्रमोहन कपूर, संजीव महाजन, आरती खुराना, रेणू त्यागी, अनीता कुमार, सुनीता रसोत्रा, ओमप्रकाश यजुर्वेदी, विजय कपूर, रजनी-संजय गर्ग, मधुबाला सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, कौशल्या सिंघल, ऋचा गुप्ता, ज्योति ओबराय, अमरनाथ बत्रा, भूपेन्द्र आर्य, जीवनलाल आर्य, प्रेम सचदेवा, विद्या भूषण गुप्ता, हर्षदेव शर्मा, वीरेन्द्र सूद, एच.एन.मिथरानी, प्रमोद पाठक, सुशील बाली, आदर्श आहुजा, डिंपल-नीरज भंडारी, सीमा-रोहित ढींगरा, मनी बंसल

**ऋषिलंगर :** दोपहर 2 बजे: **व्यवस्थापक:** भारतभूषण कपूर, प्रकाशवीर शास्त्री, रोहित कुमार सिंह, अवनीश कुमार, वरूण आर्य, गौरव झा

**अभिनन्दन:** श्री वीरेन्द्र आहुजा एवं धर्मपाल आर्य **Life Time Achievement Award** से सम्मान

## आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं

### निवेदक:

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **अनिल आर्य**<br>राष्ट्रीय अध्यक्ष<br>9810117464 | **महेन्द्र भाई**<br>राष्ट्रीय महामंत्री<br>9013137070 | **दुर्गेश आर्य, प्रवीन आर्य**<br>राष्ट्रीय उपाध्यक्ष<br>9868664800/9911404423 | **रामकुमार सिंह**<br>प्रदेश संचालक<br>9868064422 | **अरुण आर्य**<br>प्रदेश महामंत्री<br>9818530543 |
| **सुभाष बब्बर**<br>राष्ट्रीय उपाध्यक्ष<br>9419301915 | **सौरभ गुप्ता**<br>संगठन मंत्री<br>9971467978 | **देवेन्द्र भगत, सुरेश आर्य**<br>राष्ट्रीय मंत्री<br>9958889970/9810114455 | **स्वतंत्र कुकरेजा**<br>राष्ट्रीय उपाध्यक्ष<br>9813041360 | **वेदप्रकाश आर्य**<br>राष्ट्रीय मंत्री<br>9810487559 |

**स्वागत समिति :-** सर्वश्री यज्ञवीर चौहान, रामफल खर्ब, राधा-दशरथ भारद्वाज, पिंकी आर्या, संतोष शास्त्री, माधव सिंह, दिनेश सिंह विवेक अग्निहोत्री, वीरेश आर्य, योगेन्द्र शास्त्री, महेश शर्मा, अजय चौधरी, सुन्दर शास्त्री, मानवेन्द्र शास्त्री, अजय पथिक, सोनिया संजू

**केन्द्रीय कार्यालय:** आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-110007, Email: aryayouthn@gmail.com, सम्पर्क:9958889970

# केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् द्वारा 2020 से 736वां वेबिनार सम्पन्न

## युवा शक्ति और राष्ट्र निर्माण विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का सम्पन्न

### युवाओं की राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका – आचार्या श्रुति सेतिया'



सोमवार 25 अगस्त 2025 ,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में युवा शक्ति और राष्ट्र निर्माण विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कोरोना काल से 736 वाँ वेबीनार था। वैदिक विदुषी आचार्या श्रुति सेतिया ने कहा कि राष्ट्र निर्माण केवल इमारतों, सड़कों ओर उद्योगों से नहीं होता, बल्कि यह नागरिकों की चेतना, जिम्मेदारी ओर नैतिक मूल्यों से संपन्न होता है। किसी भी राष्ट्र की असली संपति उसके युवा होते हैं। युवाओं की ऊर्जा, उत्साह और नवीन सोच समाज को नई दिशा देती है। युवा वह शक्ति है जिनके कंधों पर देश के वर्तमान ओर भविष्य दोनों टिके हुए हैं। यदि युवा शिक्षा अनुशासन ओर कर्तव्य निष्ठा के मार्ग पर अग्रसर हो तो राष्ट्र तेजी से प्रगति कर सकता है। परिश्रमी,जागरूक ओर संकल्पित युवा ही भ्रष्टाचार, अज्ञानता ओर सामाजिक बुराइयों से लड़कर समाज को नई ऊंचाईयों तक पहुंचा सकता है। आज के समय में युवा शक्ति का सही मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक है। तकनीक ओर ज्ञान के युग में यदि युवा अपनी ऊर्जा सकारात्मक दिशा में लगाएं तो ..भारत विश्व गुरु बनने की दिशा में आगे बढ़ सकता है। परन्तु यदि यह शक्ति भ्रमित हो जाए तो यही सामर्थ्य राष्ट्र के लिए बाधा बन सकती है। इसलिए राष्ट्र निर्माण में युवाओं को केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि कर्तव्यों का भी ध्यान रखना चाहिए। सेवा, परिश्रम और नैतिकता से ही वे अपने राष्ट्र को महान बना सकते हैं। मुख्य अतिथि अनिता रेलन व अध्यक्ष राजश्री यादव ने भी अपने विचार रखे। परिषद अध्यक्ष अनिल आर्य ने कुशल संचालन किया व प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण आर्य ने धन्यवाद किया। गायिका प्रवीना ठक्कर, जनक अरोड़ा, कौशल्या अरोड़ा ,कुसुम भंडारी, कमला हंस, मधु, सुधीर बंसल आदि ने मधुर भजन सुनाए।

## वैदिक ज्ञान परम्परा और श्रावणी उपाकर्म विषय पर गोष्ठी सम्पन्न

### 'वेदों में है ज्ञान का महासागर –डॉ. रामचन्द्र (कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय)'




सोमवार 18 अगस्त 2025,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में 'वैदिक ज्ञान परंपरा और श्रावणी उपाकर्म' विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया।यह कोरोना काल से 734 वाँ वेबिनार था। वैदिक विद्वान डॉ. राम चन्द्र (विभागाध्यक्ष संस्कृत कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय) ने कहा कि वेद ज्ञान का महासागर है।यह ईश्वर की वाणी है जिसमें सनातन और शाश्वत ज्ञान सुरक्षित है।इन्हें अपौरुषेय कहा जाता है।संसार के सभी बुद्धिजीवियों ने कहा है कि ऋग्वेद दुनियां का सबसे प्राचीनतम ग्रंथ है। भारत की सनातन ऋषि परंपरा में श्रावणी पूर्णिमा के दिन वेदारंभ एवं उपनयन संस्कार के माध्यम से बालक की शिक्षा का आरंभ किया जाता था।डॉ. रामचन्द्र ने कहा कि श्रावणी का दिन ज्ञान,तप एवं ज्ञान की दिशा निर्धारित करने का सबसे पवित्र दिवस है। प्राचीन काल में इस पुण्य दिवस पर नदी में स्नान करके आश्रमों में वेद के अध्ययन का संकल्प लिया जाता था।आचार्य यज्ञोपवीत एवं गायत्री मंत्र के साथ विद्यार्थी को शिक्षित करने का संकल्प करते थे। वैदिक परंपरा में आचार्य शिष्य को अपने मार्गदर्शन में इस प्रकार सुरक्षित रखते थे जैसे कि माँ बच्चे को अपने गर्भ में रखती है। यह एक अद्भुत संबंध है जिसकी उच्चता की कल्पना भी वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में नहीं की जा सकती।वर्तमान समय की भौतिक शिक्षा संस्कारों से विहीन होती जा रही है इसके निवारण की अत्यंत आवश्यकता है और इसका उपाय केवल इसी वैदिक ज्ञान परंपरा में सुरक्षित है।मुख्य वक्ता ने बताया कि भारत की ज्ञान परंपरा वेद, ब्राह्मण ग्रंथ,वेदांग,दर्शन,उपनिषद,रामायण और महाभारत तक की सुविस्तृत रूप में व्याप्त हो रही है।वर्तमान समय में भी देश भर में असंख्य गुरुकुलों एवं पाठशालाओं के माध्यम से वेद की इस पवित्र परंपरा का निरंतर विस्तार हो रहा है।यज्ञोपवीत के तीन सूत्र हमें पितृऋण,ऋषि ऋण एवं देव ऋण से जोड़ते हैं।यह ऐसे ऋण हैं जो बालक के जन्म से ही जुड़े होते हैं।माता–पिता की सेवा,आचार्य परंपरा एवं शिक्षा के लिए अपना योगदान एवं प्राकृतिक देवों के अनुकूल आचरण से इन ऋणों से व्यक्ति मुक्त हो सकता है।वर्तमान समय में हम जब शिक्षा व्यवस्था में इन ऋणों की चर्चा नहीं करते तो समझ में विकृति का वातावरण सर्वत्र दिखाई दे रहा है।डॉ रामचन्द्र ने कहा कि श्रावणी पूर्णिमा का दिन रक्षा बंधन एवं विश्व संस्कृत दिवस के रूप में मनाया जाता है।समाज में बहनों एवं बेटियों के प्रति सम्मान का व्यवहार अत्यंत आवश्यक है।जिस समाज में इस शिक्षा में कमी आती है वह समाज नष्ट हो जाता है।इस दिन पर हमें संस्कृत के अध्ययन की परंपरा का भी संकल्प लेना चाहिए। मुख्य अतिथि आर्य नेता डालेश त्यागी व अध्यक्ष सुधीर बंसल ने भी विषय पर प्रकाश डाला।परिषद् अध्यक्ष अनिल आर्य ने कुशल संचालन किया व प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया। गायिका कौशल्या अरोड़ा प्रवीना ठक्कर,जनक अरोड़ा, कमला हंस, रविन्द्र गुप्ता, संतोष धर आदि ने मधुर भजन सुनाए।

## शास्त्रार्थ एवं शुद्धि सम्मेलन

**ठाकुर विक्रम सिंह जी के 83वें जन्म-दिवस** के उपलक्ष्य में **19 सितम्बर शुक्रवार 2025** को **'शास्त्रार्थ एवं शुद्धि सम्मेलन'** का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में शास्त्रार्थ करने वाले विद्वान्-विदुषियों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही जो महानुभाव शुद्ध हुए हैं या घर-वापसी किया है, उनका भी अभिनन्दन-सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर ''शास्त्रार्थ महारथी अमर स्वामी ग्रंथ संग्रह'' (सम्पादक-डॉ. ज्वलंत कुमार शास्त्री, पृष्ठ 728) का लोकार्पण (विमोचन) भी सम्पन्न होगा। **स्थान**-आर्य समाज मन्दिर, ग्रेटर कैलाश, पार्ट -1, नई दिल्ली-110048, समय: प्रातः 10.00 बजे से 1.00 बजे तक। **शुद्धि एवं शास्त्रार्थ के कार्य में लगे हुए महानुभाव अपना पूरा विवरण सह-संयोजक के पते पर 10 सितम्बर 2025 तक भेजने की कृपा करें।**

**संयोजक**- डॉ. ज्वलंत कुमार शास्त्री, अमेठी (उ.प्र.), व्हाट्सअप-7303477301,

**सहसंयोजक**- श्री लाल सिंह राजावत, व्हाट्सएप-9313939770,

Email:19thsept2025@gmail.com,

Address: A-41, Lajpat Nagar, 2nd Floor, New Delhi-110024

सम्पादक: **अनिल कुमार आर्य** द्वारा केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के लिए **मंयक प्रिटर्स**, 2199/63,नाईवाला, करोलबाग, दिल्ली-5 दूरभाष : 41548503 **मो.:** 9810580474 से मुद्रित व परिषद् कार्यालय आर्य समाज टी-176-177, कबीर बस्ती, दिल्ली-7 से प्रकाशित, **प्रबन्धक :** दिनेश आर्य, मोबाइल : 9911587765, देवेन्द्र भगत, मोबाइल : 09958889970